# **पहले ट्रांसफ़र पर 0-फ़ीस और शुरुआती 2 ट्रांसफ़र पर स्पेशल एफ़एक्स दर वाला प्रमोशन**

## **नियम और शर्तें:**

पहले ट्रांसफ़र पर 0-फ़ीस और शुरुआती 2 ट्रांसफ़र पर स्पेशल एफ़एक्स दर वाले प्रमोशन ("प्रमोशन") में शामिल होने के लिए, आपको पहली बार के लिए साइन अप करना होगा. इसके लिए आपको इन शर्तों से आपको लिंक करने वाली स्क्रीन पर जाना होगा. इसके बाद, प्रमोशन की अवधि के दौरान, अपना पहला और दूसरा ट्रांसफ़र पूरा करना होगा, जैसा कि इन शर्तों (पूरा किया गया ऐसा हर ट्रांसफ़र "क्वॉलिफ़ाइंग ट्रांसफ़र" होता है) से आपको लिंक करने वाले प्रमोशन मैसेजिंग में पूरी तरह से बताया गया है.

- ट्रांसफ़र को "पूरा हुआ" तभी माना जाएगा, जब आपके पैसे आपके प्राप्तकर्ता के बैंक अकाउंट या मोबाइल वॉलेट में जमा हो जाएं, प्राप्तकर्ता को सही तरीके से डिलीवर हो जाएं और/या भेजे गए पैसे को आपका प्राप्तकर्ता हमारी किसी पार्टनर लोकेशन से पिक कर ले (जो भी लागू होता हो). जिन ट्रांजेक्शन के लिए आगे चलकर भुगतान को अस्वीकार किया जा सकता हो या जिन पर चार्जबैक लागू हो सकता हो, उन्हें "सफल" ट्रांजेक्शन नहीं माना जाता.
- प्रमोशन सिर्फ़ पहली बार पैसे भेजने वाले ग्राहकों के लिए उपलब्ध है और प्रति व्यक्ति एक (1) तक सीमित है. मौजूदा ग्राहक इस प्रमोशन के योग्य नहीं हैं.

**0 ट्रांसफ़र फ़ीस की शर्तें:**

- 0 ट्रांसफ़र फ़ीस वाला प्रमोशन, सफलतापूर्वक पूरे होने वाले आपके पहले ट्रांजेक्शन पर तत्काल लागू हो जाएगा.
- 0 ट्रांसफ़र फ़ीस वाले प्रमोशन, क्रेडिट कार्ड के ज़रिए किए गए ट्रांजेक्शन पर लागू नहीं होते हैं.

**स्पेशल एफ़एक्स दर की शर्तें:**

- स्पेशल फ़ॉरेन एक्सचेंज रेट प्रमोशन की ऊपरी सीमा तक Remitly द्वारा सीधे आपके शुरुआती दो (2) क्वालीफ़ाइंग ट्रांसफ़र पर लागू किया जाएगा, जैसा कि प्रमोशन पेज पर या इन शर्तों ("प्रमोशन की ऊपरी सीमा") से आपको लिंक करने वाले मैसेज में बताया गया है. अगर आप संयुक्त अरब अमीरात के ग्राहक हैं, तो खास फ़ॉरेन एक्सचेंज रेट Remitly के पार्टनर बैंक (संयुक्त अरब अमीरात के केंद्रीय बैंक द्वारा लाइसेंस प्राप्त) द्वारा लागू किया जाएगा
- प्रमोशन की ऊपरी सीमा से कम पैसे भेजने पर खास एफ़एक्स दर बाद के ट्रांसफ़र पर लागू नहीं होगी.
- प्रमोशन की ऊपरी सीमा से ज़्यादा पैसे भेजने पर, ऊपरी सीमा से ज़्यादा के पैसों को आपके ट्रांजेक्शन के

समय आपके द्वारा चुनी गई सेवा पर सामान्य रूप से लागू फ़ॉरेन एक्सचेंज रेट पर भेजा जाएगा. एफ़एक्स दरें Remitly के विवेकाधिकार के अधीन समय-समय पर बदली जा सकती हैं.

- इस प्रमोशन को कैश में नहीं बदला जा सकता और इसे ट्रांसफ़र नहीं किया जा सकता.

- प्रमोशन जुलाई 29 2026 को 12:00 दोपहर बजे [पैसिफ़िक स्टैंडर्ड टाइम / पैसिफ़िक डेलाइट टाइम] से शुरू होकर सितंबर 30 2026 को 4:59 दोपहर बजे [पैसिफ़िक स्टैंडर्ड टाइम / पैसिफ़िक डेलाइट टाइम] ("प्रमोशन की अवधि") खत्म हो रहा है. इस प्रमोशन के लिए समय की आधिकारिक गणना Remitly के सर्वर के हिसाब से की जाएगी. सभी तारीखों में बदलाव किया जा सकता है. प्रमोशन की अवधि के पहले या बाद में सबमिट किए गए ट्रांसफ़र इस प्रमोशन के योग्य नहीं होंगे.

- Remitly इनके लिए अधिकार सुरक्षित रखता है: (a) इस प्रमोशन के लिए प्रति परिवार योग्य व्यक्तियों की संख्या को सीमित करना; और (b) ऐसे ट्रांसफ़र को अयोग्य करार देना जिन्हें यह अपनी राय में प्रमोशन के नियमों के विरुद्ध मानता है या दुरुपयोग के इरादे से किया गया मानता है. अगर कोई ग्राहक एक से ज़्यादा/अलग-अलग पहचान, पंजीकरण, लॉगिन और/या किन्हीं अन्य तरीकों से इस प्रमोशन का गलत इस्तेमाल करने की कोशिश करता है, तो Remitly सिर्फ़ अपने विवेक पर (उचित कार्रवाई करते हुए) उस ग्राहक को प्रमोशन का इस्तेमाल करने से रोक देगा और ग्राहक को अयोग्य घोषित कर देगा.

- अगर आप किसी भी रिफ़ंड के/की हकदार हैं, तो आप पैसे ट्रांसफ़र करने के लिए भुगतान की गई रकम से अधिक रकम पाने के/की हकदार नहीं होंगे/होंगी.

- इस प्रमोशन में शामिल होने का फ़ैसला लेने पर आप Remitly के किसी अन्य प्रमोशन का लाभ नहीं ले पाएंगे/पाएंगी, भले ही आप उन प्रमोशन के लिए पात्र क्यों न हों. इस प्रमोशन में शामिल होने के आपके फ़ैसले को अंतिम माना जाएगा.

- आपके ट्रांसफ़र के कैंसिल होने या फ़ंड की कमी की वजह से आप इस प्रमोशन के लिए अयोग्य ठहराए जाएंगे/जाएंगी. यह प्रमोशन आपके द्वारा या Remitly द्वारा कैंसिल किए गए किसी भी ट्रांसफ़र के लिए मान्य नहीं होगा.

- आप ऐसी किसी भी स्थिति में प्रमोशन में भाग नहीं ले सकते/सकती हैं, जहां ऐसा करना किसी भी लागू कानून, विधान या विनियमों द्वारा निषिद्ध होगा.

- Remitly ऐसे किसी भी ऑफ़र रिडेंप्शन को कैंसिल करने का अधिकार सुरक्षित रखता है जो धोखेबाज़ी से प्रेरित लगे, धोखाधड़ी वाले ट्रांज़ेक्शन का नतीजा हो या जिसमें [Remitly के उपयोगकर्ता अनुबंध](https://www.remitly.com/home/agreement) का पालन नहीं किया गया हो.

- Remitly किसी भी समय, पूर्व सूचना के साथ या बिना सूचना के प्रमोशन को कैंसिल करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. अगर किसी मान्य ट्रांसफ़र को प्रमोशन के कैंसिल होने से पहले ही शुरू किया जाता है, तो उस ट्रांसफ़र को इस प्रमोशन का लाभ दिया जाएगा.

- प्रमोशन के तहत आपसे इकट्ठा की गई सारी जानकारी [Remitly की निजता नीति](https://

www.remitly.com/home/policy) के अधीन होगी.

- प्रमोशन में आपकी भागीदारी [Remitly के उपयोगकर्ता अनुबंध](https://www.remitly.com/home/agreement) और हमारी सेवा पर उपलब्ध कराई गई अन्य शर्तों और नोटिसों की शर्तों द्वारा भी नियंत्रित की जाती है और उनके अधीन है. UK/EU के ग्राहक: कृपया हमारा [सेवा की जानकारी के लिए मुख्य दस्तावेज़](https://www.remitly.com/home/key-service-information) भी रेफ़र करें.

- अगर और उस सीमा तक, जहां उपर्युक्त दस्तावेज़ों और इन शर्तों के बीच कोई टकराव या असंगतता हो, तो ये शर्तें ऐसे किसी भी टकराव या असंगतता की सीमा तक प्रभावी होंगी.

- अन्य फ़ीस और लागतें आपके पैसे के ट्रांसफ़र पर लागू हो सकती हैं और हम अनुशंसा करते हैं कि आप हमारी सेवा और हमारे [उपयोगकर्ता अनुबंध](https://www.remitly.com/home/agreement) के ज़रिए इनकी समीक्षा करें.